तापमान

अधिकतम 39 .0 डिग्री

न्यूनतम 23 .0 डिग्री

हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार, 10 अप्रैल 2025



10 एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन





10 कानूनी साक्षरता कैंप का आयोजन





शिक्षा - संस्कार - सुरक्षा - सफलता

WOODSTOCK PUBLIC SCHOOL JIND

ADMISSION OPEN

Nur. to XII (Art/Commerce/Science)

Focus on Practicals | Strong Dedicated Teachers Team

Door to Door Transport | Indoor & Outdoor Sports

N N Sharma Director

Sukeerti Sharma Principal

GOHANA ROAD ASHRAFGARH JIND Contact: 9896561677, 8053011129


## खबर संक्षेप

### 494 ग्राम चरस के साथ आरोपी चढ़ा पुलिस हत्थे

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने गांव अहिरका तथा कैरखेड़ी के बीच एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से 494 ग्राम चरस बरामद की है। सदर थाना पुलिस पकड़े गए आरोपित से पूछताछ कर रही है।

सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव अहिरका तथा कैरखेड़ी के बीच निजी स्कूल के निकट एक युवक नशीले पदार्थ बेचने की फिराक में खड़ा हुआ है।

### नशा तस्कर 13.30 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

**कैथल।** एक तरफ जहां पर एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा नशा ना करने बारे आमजन को जागरूक किया जा रहा है, वहीं पर पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी मुहिम तहत मंगलवार को थाना कलायत पुलिस द्वारा कलायत क्षेत्र से एक नशा तस्कर को 13.30 ग्राम हेरोइन सहित काबू कर लिया गया।

### गेहूं के खेत में कंबाइन से लगी आग

**जींद।** दुर्जनपुर गांव में गेहूं की कटाई के दौरान हादसा हो गया। कंबाइन मशीन से फसल काटते समय मशीन का गियर टूटकर नीचे गिर गया। गर्म गियर के कारण सूखी गेहूं की फसल में आग लग गई और सारी फसल जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार किसान राकेश के खेत में गेहूं काटने के लिए कंबाइन मशीन लगी थी।

### चावल व स्क्रैप चोरी के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** ड्राइवर द्वारा लोडिंग गाड़ी से चावल व स्क्रैप चोरी के मामले की जांच थाना सीवन प्रभारी एसआई कुलदीप सिंह की अगुवाई में एचसी राजेश की टीम ने आरोपी पोलड़ निवासी अनिल को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डेरा भाग सिंह निवासी तेजपाल सिंह की शिकायत अनुसार उसने 9 मार्च को गाड़ी पर उपरोक्त आरोपी अनिल कुमार को ड्राईवर के तौर पर रखा था।

### 33 वर्षीय महिला हुई लापता, मामला दर्ज

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के वार्ड से एक 33 वर्षीय महिला लापता हो गई। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कस्बे के वार्ड निवासी युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 साल पहले उसकी शादी हुई थी। दोनों के पांच बच्चे हैं। जिनमें से 3 लड़की और 2 लडके हैं। बीती रात उसकी 33 वर्षीय पत्नी करीब 10 बजे घर से लापता हो गई।

### ईंट चोरी करने के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** खेत से ईंट चोरी करने के मामले की जांच थाना तितरम पुलिस के एचसी राजेश कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव चंदाना निवासी राजपाल को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव चंदाना निवासी महिला भुल्ली की शिकायत अनुसार 9 मार्च को उसके खेत से विजय, अजय व राजपाल 2 हजार ईंटें चोरी कर ले गए।

### आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोपित दबोचा

**जींद।** शहर थाना पुलिस ने शिवपुरी कालोनी निवासी मोहित को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान गांव बराहखुर्द निवासी सतीश के रूप में हुई है।

---

दोहरे हत्याकांड के बाद घटना की पुलिस को अस्पताल से मिली जानकारी

# सिलसिलेवार चार घंटे चली घटनाएं, पुलिस को सूचना नही

## चार टीमों का गठन, धरपकड़ के लिए छापेमारी, पूर्व में मारपीट व फायरिंग की भी नहीं दी पुलिस को सूचना

हालांकि पुलिस ने दो लोगों को नामजद कर आधा दर्जन अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जमीन विवाद के चलते दो सगे भाइयों की रात को गोलियां मार कर हत्या कर दी गई। देर शाम चार घंटे पहले मारपीट तथा गाली गलौज से शुरू हुआ विवाद अंधाधुध फायरिंग से होता हुआ दोहरे हत्याकांड तक जा पहुंचा। हैरानी इस बात कि है कि मारपीट होने तथा अधांधुध फायरिंग के दौरान तक किसी ने पुलिस को सूचना देने तक की जहमत नही उठाई। पुलिस को सूचना मिली तो उस दौरान जब दोनों भाइयो की नागरिक अस्पताल उपचार के दौरान मौत हो चुकी थी। अगर मामला पहले पुलिस में पहुंच जाता तो घटना दोहरे हत्याकांड तक नही पहुंचती। हालांकि पुलिस ने दो लोगों को नामजद कर आधा दर्जन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की चार टीम आरोपितों की धर पकड़ में जुटी हुई है। गांव निर्जन निवासी सतीश तथा गांव के ही हाल आबाद सैक्टर 11 निवासी सुरेश के बीच सफीदों रोड बाईपास पर जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। पहले भी दोनों पक्षों में विवाद हो चुका है। मामला अदालत में विचाराधीन है। पुश्तैनी जमीन की कीमत भी काफी बढ़ चुकी है। सतीश ने अपने भाई दिलबाग के साथ खेतीबाड़ी के साथ गैस एजेंसी चलानी शुरू कर दी। साथ लगती जमीन को लेकर दोनों पक्षों में अंदरूनी तनातनी जारी रही। हालात दोहरे हत्याकांड तक पहुंचेंगे यह अंदेशा किसी को नहथा। आखिर कार सतीश तथा उसके दिलबाग को अपनी जान गंवानी पड़ी। हालांकि आरोपित सुरेश के पास लाइसेंसी असलहा है। उसी असलाह के वारदात में प्रयोग होने की आशंका जताई जा



जींद। घटनास्थल पर मौजूद खोल।



फोटो :हरिभूमि



जींद। गाड़ी पर गोलियों के निशान। फोटो :हरिभूमि

### धरपकड़ के लिए छापेमारी

सिविल लाइन थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि दोहरे हत्याकांड की सूचना उन्हें नागरिक अस्पताल के माध्यम से मिली। जिसके साथ अमला तुरंत मौके पर पहुंच गया था। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की चार टीमें आरोपितों की धरपकड़ के लिए छापेमारी कर रही है।

### परिणाम से बेपरवाह

जिस प्रकार से दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया गया और उससे पूर्व में जो हालात रहे उससे जाहिर हो रहा है कि घटनाओं को अंजाम हमलावरों ने बेखौफ होकर दिया है। पहले मोहित की गाड़ी पर फायरिंग, फिर उनके गैस एजेंसी गोदाम पर उसके पिता सतीश तथा चाचा दिलबाग की गोलियां मार कर हत्या करना हमलावरों के मंसूबों को साफ झलकाता है। दो भाईयों को नजदीक से दो-दो गोलियां मारी गई। जबकि दस के लगभग गोलियां दागी गई। फोरेंसिक टीम ने गोदाम से तथा बाहर से सात खोल बरामद किए हैं। जबकि सैक्टर 11 मे भी घटना स्थल से दो खोल मिले हैं। दोहरे हत्याकांड के परिणाम से हमलावर भी बेपरवाह रहे। घटना में दो भाइयों की जान चली गई। हत्यारे जेल में सलाखों के पीछे रहेगे। जिस जमीन को लेकर विवाद रहा वह वही पर है।

### आरोपितों ने दीवार भी गिराई थी

बुधवार शाम को दोनों भाइयों के शवों नागरिक अस्पताल मे पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया, हालांकि परिजन आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। डीएसपी भी परिजनों को बीच पहुंचे थे। जल्द आरोपितों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। एक्सरे के बाद मृतकों के शरीर से गोलियां ढूंढी गई। जिसके बाद पोस्टमार्टम की प्रकिया हुई। हालातों को देखते हुए पुलिस ने गांव के हालातों पर नजर बनाए रखी। अंतिम संस्कार होने के बाद ही पुलिस ने राहत की सांस ली। मृतक सतीश के बेटे मोहित ने बताया कि जमीन को लेकर काफी दिनों से विवाद चला आ रहा है। आरोपितों ने उनकी दीवार भी गिराई थी। मामला अदालत में भी विचाराधीन है। उन्होंने पहले भी जान का खतरा पुलिस को बताया था। अब पहले आरोपितों ने उसके पिता के साथ मारपीट की, फिर उस पर फायरिंग की गई। फिर उसके पिता तथा चाचा की आरोपितों ने हत्या कर दी। उन्हे इसाफ मिलना चाहिए। आरोपित गिरफतार होने चाहिए।



जींद। घटनास्थल पर टूटी पड़ी कुर्सियां। फोटो :हरिभूमि

### चार घंटे तक स्थिति रही तनावपूर्ण

अगर स्थिति पर नजर दौडाई जाए जो मारपीट सतीश के साथ मगंलवार देर शाम को लगभग साढ़े आठ मारपीट हो चुकी थी। सतीश की नगारिक अस्पताल मे एमएलआर भी कटी, चिकित्सक ने सुबह दंत चिकित्सक से जांच कराने को कहा लेकिन पुलिस को शिकायत नही हुई। फिर दूसरी घटना सैक्टर 11 मे मृतक सतीश के बेटे मोहित के साथ हुई। जिसकी गाड़ी पर आरोपित सुरेश पक्ष ने अंधाधुध फायरिग की। जिसकी सूचना भी पुलिस को देनी उचित नही समझी, फिर मध्यरात्री बाद सफीदों बाईपास पर एजेंसी के बाहर दोहरे हत्याकांड को अंजाम दे दिया गया। अगर दोहरे हत्याकांड से पहले के चार घंटों के दौरान हुए घटना क्रम की सूचना पुलिस के पास पहुंचती तो घटना से बचा जा सकता था। पुलिस के पास नागरिक अस्पताल से ही दोनो की मौत होने के बाद सूचना पहुंची।



जींद। घटनास्थल पर टूटी पड़ी कुर्सियां। फोटो :हरिभूमि

---

# नहर में डूबे युवक का शव 5वें दिन मिला, मामा की मौत से सदमे में था

- नहर में पानी की आपूर्ति पूरी तरह बंद करवाई, तब मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गांव संगरौली में शनिवार रात सिरसा ब्रांच नहर में डूबे युवक गुरमीत का शव 5 दिन बाद उसी नहर में मिला। शव उस स्थान से करीब 100 मीटर की दूरी पर मिला, जहां से वह नहर में कूदा था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया, जिसके बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया। मूल रूप से रोहेड़ा माजरा निवासी गुरमीत (22) मजदूरी करता था और अभी अविवाहित था। पुलिस के अनुसार, वह अपने मामा बंटी की मौत के बाद गहरे सदमे में था। बंटी की नहर में डूबकर मौत हो गई थी और गुरमीत शोक व्यक्त करने संगरौली गांव आया था। बताया जा रहा है कि गुरमीत अपने मामा के बेहद करीब था और उनकी मौत ने उसे तोडकर रख दिया। शनिवार शाम वह सिरसा ब्रांच नहर के पास गया, जहां कुछ राहगीरों ने उसे नहर में छलांग लगाते देखा। हालांकि, पानी के तेज बहाव के कारण कोई भी उसे बचा नहीं सका।



### गुरमीत का शव बरामद कर लिया : थाना प्रभारी

ढांड थाना प्रभारी संजय कुमार ने पुष्टि की कि गुरमीत का शव बरामद कर लिया गया है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

घटना के बाद पुलिस और गोताखोरों की टीम ने लगातार युवक की तलाश की। मंगलवार को नहर में पानी का स्तर घटाया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने सिंचाई विभाग से संपर्क कर नहर में पानी की आपूर्ति पूरी तरह बंद करवाई, तब जाकर तलाश में सफलता मिली।

---

# कैदी से बिजली ठीक करवाना पड़ा महंगा, फरार

## रातभर खाक छानती रही जिला पुलिस, फरार कैदी का नहीं लगा सुराग

- हत्या, लूटपाट, शस्त्र अधिनियम समेत 21 अपराधिक मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला कारागार से बीती रात बिजली ठीक करते समय एक कैदी सीढ़ी से दीवार फांद कर फरार हो गया। फरार आरोपित को पुलिस ने लगभग तीन साल पहले मुठभेड़ के बाद काबू किया था। अब पंजाब में चोरी के मामले में सजा होने के बाद जुर्माना न भरने की एवज में पांच माह की सजा पिछले एक माह से काट रहा था। फरार कैदी पर 21 अपराधिक मामले दर्ज हैं। जेल उपाधीक्षक की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने फरार कैदी के खिलाफ मामला कर तलाश शुरू कर दी है।

### छापेमारी जारी

सिविल लाइन थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि जेल उपाधीक्षक ने कैदी के फरार होने की शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम आरोपित की धरपकड़ के लिए छापेमारी कर रही है।

जेल उपाधीक्ष सुरेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव बनारसी जिला संगरूर निवासी राकेश उर्फ काकू जनवरी 2015 में थाना खनौरी जिला संगरूर में दर्ज चोरी तथा शस्त्र अधिनियम में तीन साल की सजा हुआ था। जुर्माना न भरने के चलते राकेश को पांच माह की सजा सुनाई थी। गत दस मार्च से जेल मे सजा काट रहा था। अंदरूनी दीवार पर निर्माण कार्य होने के चलते सामग्री वहीं पर रखी गई थी। बीती देर शाम जेल में लगी हाई मास्क लाइट खराब हो गई। जिसे ठीक करवाने के लिए वार्डर ईश्वर को बुलाया गया था। कैदी राकेश को भी बिजली की जानकारी थी। जिसके चलते राकेश को भी बैरक से बाहर रखा गया था। जब वार्डर वहां पर पहुंचा तो कैदी राकेश दिखाई नही दिया। ढूंढने पर वह बैरक में भी नही मिला। जब जेल कर्मियों ने जेल क्वार्टरों की तरफ देखा तो वहां पर सीढ़ी दीवार के साथ लगी हुई। जब सीसी टीवी फूटेज को खंगाला गया तो कैदी सीढ़ी से दीवार फांद कर जाता दिखाई दिया। कैदी के फरार होने से हडकंप मच गया और रातभर पुलिस टीम कैदी को ढूंढती रही लेकिन आरोपित का कोई सुराग नही लगा।

### जून 2022 में मुठभेड मे काबू किया था आरोपित

जेल से फरार हुए राकेश उर्फ काकू पर हत्या, लूटपाट, शस्त्र अधिनियम समेत 21 अपराधिक मामले दर्ज हैं। एक मामले में वह सजा हो चुका है। दो जून 2022 को गांव खटकड़ टोल प्लाजा के निकट पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में गोली लगने के बाद आरोपित काबू हुआ था। मुठभेड़ से पूर्व रोहतक मे हुई अढाई करोड़ की लूट के मामले में उचाना में रोहतक पुलिस पर भी फायरिंग की थी। जिसमें सिपाही संदीप घायल हो गया था।

---

### ट्रैक्टर ट्राली से भिडंत में बाइक सवार की जान गई

**जींद।** गांव कर्मगढ़ बस अड्डे के निकट ट्रैक्टर ट्राली के साथ भिडंत में बाइक सवार मिल्क प्लांट कर्मी की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर फरार ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीबीपुर निवासी कुलदीप वीटा मिल्क प्लांट में नौकरी करता था। बीती रात वह अपनी डयूटी कर बाइक से घर लौट रहा था। गांव कर्मगढ़ बस अड्डे के निकट आगे चल रहे ट्रैक्टर ट्राली चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिसके चलते कुलदीप का बाइक ट्राली से जा टकराया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक ट्राली समेत मौके से फरार हो गया। गंभीर हालात में उसे नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

---

## तापमान 40 तक पहुंचा, अभी तापमान में और इजाफा होगा

# सूर्यदेव के तेवर उग्र, उगली आग, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर में गर्मी के तेवर अब लगातार बढ़ रहे हैं। हालात यह हैं कि अप्रैल के दूसरे सप्ताह से पहले ही तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। वहीं, मौसम विभाग का कहना है कि अभी तापमान में और इजाफा होगा। हालांकि आगामी 11 अप्रैल को हल्की बारिश होने की संभावना है। बता दें कि दिन में तेज धूप की वजह से कूलर और एसी भी फुल स्पीड से चलाए जा रहें हैं।

मौसम विभाग ने से चार दिनों के लिए प्रदेश में लू चलने का यलो अलर्ट जारी कर दिया है। बुधवार को जिले में 39.7 डिग्री तापमान के साथ इस सीजन का सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड किया गया। इस तरह अधिकतम तापमान में 3.5 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई और अब यह सामान्य से 6.8 डिग्री ऊपर हो गया है। अब की बार फरवरी से ही सूरज से तपिश बढ़ने लगी है नतीजा, दोपहर में सड़क पर निकलना मुश्किल होने लगा है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 38.7 डिग्री सेल्सियस पार कर रिकॉर्ड किया गया। हालांकि मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में गर्मी से राहत की उम्मीद है।



### कल मौसम में आएगा बदलाव

कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य समन्वयक डॉ. रमेश चंद्र वर्मा ने बताया कि मौसम विभाग का अनुमान है कि 11 अप्रैल से मौसम में बदलाव आ सकता है। इस दौरान बादल छाने और हल्की बारिश की संभावना जताई गई है, जिससे तापमान में कुछ गिरावट आ सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की वजह से आसपास के इलाकों में 10 अप्रैल के बाद हल्के बादल छा सकते हैं।

---

### नरड-सेगा नहर से मिला नवजात बच्ची का शव

**कैथल।** नरड़-सेगा के बीच गुजरने वाली नहर में एक नवजात बच्ची का शव मिलने की सूचना से आसपास के गांवों में सनसनी फैल गई। शव की सूचना मिलने के बाद तितरम थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर थाने में पहुंचाया। सेगा निवासी राजेश कुमार ने बताया कि नहर में कम पानी होने से बच्ची का शव आगे नहीं बह सका। एक आटे की थैली में पत्थर के साथ-साथ बच्ची को डाला था। नहर में नहाने आए दो से तीन युवकों ने थैले को खोलकर देखा तो उसमें बच्ची का शव था। बच्चों ने इसकी सूचना गांव में दी और बाद में ग्रामीणों ने पुलिस को। पहले डायल 112 गाड़ी मौके पर पहुंची। इसके बाद थाना तितरम की पुलिस ने पहुंचकर जांच की। हालांकि यह बच्ची किसने और क्यों फैंकी, अभी यह जांच का विषय है।

## खबर संक्षेप

### पेस्टिसाइड एक्ट के विरोध में धरना देकर जताया रोष

**जींद।** प्रदेश सरकार के नए सीड्स और पेस्टिसाइड एक्ट के विरोध खाद, बीज दुकानदारों ने एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया। नए सीड्स और पेस्टिसाइड एक्ट के विरोध में सात दिनों तक दुकानें बंद रखने का फैसला लिया गया है। कपास मंडी के रजबाहा रोड गेट के नजदीक दुकान के पास रविवार तक धरना दिया जाएगा। सरकार को एक सप्ताह का समय नए सीड्स और पेस्टिसाइड एक्ट को रद्द करने या संशोधन करने के लिए दिया है। जो कानून सरकार लेकर आई है वो पूरी तरह से व्यापार विरोधी है।

### अनाज मंडियों में हो रही सरसों की निरंतर खरीद

**जींद।** कार्यवाहक उपायुक्त विवेक आर्य ने बताया कि अनाज मंडी जींद, नरवाना, पिल्लूखेड़ा, उचाना, जुलाना व सफीदों में सरसों की निरंतर खरीद की जा रही है। उन्होंने किसानों एवं आढ़तियों की समस्याओं से संबंधित अधिकारियों को समाधान के संबंध में निर्देश दिए हैं कि मंडी में फसल बिक्री में कोई समस्या आड़े नहीं आने दें। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान अपनी सरसों की फसल को सुखा कर ही मंडी में लेकर आएं ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई परेशानी न हो।

### एक माह से लापता व्यक्ति का नही लगा सुराग, केस

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के ढिगाना गांव से एक माह पहले लापता हुए व्यक्ति का एक माह बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नही लगा। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई है। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ढिगाना गांव निवासी महिला सुमन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति 10 मार्च को घर से जींद के लिए गया था लेकिन वापस नही आया। तलाश के बावजूद कोई सुराग नही लगा। पुलिस ने शिकायत पर गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिलाओं को लौटाया सामान से भरा बैग

**नरवाना।** नरवाना में एक ऑटो चालक ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए एक खोया हुआ बैग उसके असली मालिकों को लौटा दिया। यह बैग कुछ महिलाओं का थाए जिसमें नकदी के साथ.साथ कीमती आभूषण भी मौजूद थे। घटना के अनुसारए मटोर गांव की महिलाएं नरवाना बस स्टैंड पर किसी कार्य से आई थीं और गलती से अपना बैग ऑटो में ही भूल गईं। ऑटो चालक को जब बैग मिलने का पता चला तो उसने बिना किसी लालच के उसे ट्रैफिक पुलिस चौकी में जमा करवा दिया।

### ठेकेदार गली को उखाड़कर करीब पंद्रह दिनों से फरार

**नरवाना।** नरवाना शहर की मुख्य मार्केट व रिहायशी गली पुराना कारखाना जोकि पतराम नगर अन्य रिहायशी इलाकों को मुख्य बाजार रेलवे स्टेशन व अनाज मण्डी के साथ जोड़ती है। स्थानीय निवासी घी चीनी मार्केट प्रदीप मित्र ने बताया कि ठेकेदार इस गली को उखाड़कर लगभग 15 दिनों से फरार है। ठेकेदार द्वारा इस गली की सारी पानी की पाईप लाईन तोड़ दी गई है तथा कई मकानों को नुकसान पहुंचाकर ठेकेदार गली की कोई सुध नहीं ले रहा है। सीवर लाईन में बड़े.बड़े पत्थर पड़े हैं।

## विवि में प्रदर्शन कर 20 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

छात्रों के क्लास रूम में भी लगें एसी, नही तो कर्मचारियों के भी नही चलने देंगे

### सभी कोर्सों की फीस अन्य विवि से दो से तीन गुना ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने बुधवार को चौधरी रणबीर सिंह विवि में प्रदर्शन कर 20 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ईकाई अध्यक्ष राहुल ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से सभी कक्षाओं में एसी लगवाने व कोर्स की फीस कम किए जाने की मांग की गई है। इकाई मंत्री एनी कुंडू ने बताया पिछले वर्ष विश्वविद्यालय ने हर एक हर क्लर्क और प्रोफेसर के कमरे में एसी लगवा दिया गया। परंतु किसी छात्र के क्लास में एसी नही लगवाए गए हैं। विश्वविद्यालय में चल रहे सभी कोर्सों की फीस अन्य विश्वविद्यालय से दो से तीन गुना ज्यादा है। जब चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय सभी कार्य कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से चलता है तो फीस भी उसी आधार पर होनी चाहिए। रोहन सैनी ने बताया कि विश्वविद्यालय सरकार द्वारा दिए गए पैसों का अनुचित प्रयोग किया जा रहा है। जबकि उसका पहला उद्देश्य छात्रों को सस्ती शिक्षा देना होना चाहिए।



जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते एबीवीपी कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि



जींद। प्रदर्शन में भाग लेते संगठन सदस्य। फोटो :हरिभूमि

आज उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को मुख्य दो मांगों के साथ अन्य 18 और मांगों का एक मांग पत्र सौंपा है। अगर जल्द ही मांगों पर कार्रवाई नही हुई तो आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर प्रतीक शर्मा, मयंक बंसल, दीपक, राहुल, प्रेरणा, अमन आदि मौजूद रहे।

### रिजल्ट की प्रतियां जला जताया रोष

**जींद।** किसान छात्र एकता संगठन द्वारा सीआरएस विश्वविद्यालय प्रशासन की भेदभावपूर्ण नीतियों और छात्र विरोधी रवैये के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने इंटरनल मार्क्स में की जा रही मनमानी, नामांकन में भेदभाव और परीक्षा परिणामों में की गई गड़बड़ियों के खिलाफ विरोध स्वरूप रिजल्ट की प्रतियां जलाकर अपना आक्रोश जाहिर किया। उप प्रधान अभिषेक जुलाना का कहना है कि एक सोची, समझी नीति के तहत ग्रामीण पृष्ठभूमि और मेहनतकश तबके के छात्रों को लगातार शैक्षणिक प्रक्रिया से बाहर करने की कोशिश की जा रही है। इंटरनल मार्क्स में शिक्षकों द्वारा व्यक्तिगत पसंद, नापसंद के आधार पर अंक देना, छात्रों के नाम काटना और बिना स्पष्ट कारण के रिजल्ट रोक देनाए यह सब छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ है। युवा अध्यक्ष नवरत्न माथुर ने कहा कि जब तक छात्रों के साथ न्याय नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। यह केवल परीक्षा या अंक का सवाल नहीं है। ये सवाल है इस देश के भविष्य छात्रों के आत्मसम्मान और अधिकारों का। साहिल नरवाल, अरविंद मुंडे, गोविंद मौजूद रहे।

# भाजपा का सक्रिय सदस्यता सम्मेलन

■ सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को भाजपा की नीतियों से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जुलाना के लोक निर्माण विश्राम गृह में जुलाना विधानसभा के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में सैंकड़ों कार्यकर्ताओं को भाजपा की नीतियों से अवगत करवाया गया व प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर हरियाणा सरकार में चेयरमैन अमरपाल राणा, बड़ौदा से भाजपा प्रत्याशी रहे प्रदीप सांगवान व जुलाना विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रहे कैप्टन योगेश बैरागी ने शिरकत की। कार्यक्रम के संयोजक की भूमिका का निर्वहन किया कैप्टन योगेश बैरागी ने व सहसंयोजक की भूमिका में रही डा. पुष्पा तायल। कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डाला गया व भाजपा के संस्थापकों को याद किया। सर्वप्रथम जनसंघ के संस्थापक रहे पंडि दीनदयाल व श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता की प्रतिमाओं के सामने दीप प्रज्वलित किया गया व इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की 14 अप्रैल को हिसार में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में पहुंचने के लिए भी ड्यूटी लगाई गई। कार्यक्रम में केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार द्वारा गरीब कल्याण के लिए बनाई गई योजनाओं के बारे में वक्ताओं ने विस्तार से बताया ताकि सभी कार्यकर्ता इन योजनाओं को धरातल पर घर-घर जाकर इन योजनाओं के बारे में बता सकें। मौके पर अमरपाल राणा, प्रदीप सांगवान, कैप्टन योगेश बैरागी, डा. पुष्पा तायल, डा. संजय जांगड़ा, डा. राज सैनी, सत्यवान खटकड़, सुखदीप बुआना, गौरव भारद्वाज, एडवोकेट सुरेंद्र खटकड़, एडवोकेट संग्राम सिंह, अंतिमा भारद्वाज मौजूद रहे।



संबोधित करते डा. पुष्पा तायल।



जींद। प्रतियोगिता में प्रथम रही छात्रा तनु को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### विजेता तनु को किया सम्मानित

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कॉमर्स समिति के तत्वावधान में आयोजित पीआईईटी क्वेस्ट प्रतियोगिता में भाग लिया। इनमें से छात्रा तनु ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते फाइनल चरण में स्थान प्राप्त किया और प्रथम स्थान प्राप्त कर 54,400 की नगद राशि तथा एक लेजर प्रिंटर पुरस्कार स्वरूप प्राप्त किया। प्राचार्य प्रो. सत्यवान मलिक ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और इस प्रकार की गतिविधियों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है तथा अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत भी। महाविद्यालय परिवार की ओर से तनु को इस शानदार सफलता के लिए बधाई दी। प्रतियोगिता का प्रथम चरण महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया।

### राजकीय कालेज के छात्रों ने पाया उत्कृष्ट स्थान

**सफीदो।** सफीदों राजकीय कालेज के विद्यार्थियों ने पानीपत के निजी शिक्षण संस्थान में आयोजित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। उत्कृष्ट स्थान प्राप्त बच्चों का कालेज पहुंचने पर प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा द्वारा अभिनंदन किया गया। प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने बताया कि प्रतिस्पर्धा में देशभर से 70000 से अधिक छात्र-छात्राओं ने रुचि दिखाई थी। जिसमें से चयनित छात्र-छात्राओं का कॉलेज में टेस्ट हुआ। जिसमें से छः टीमें फाइनल राउंड के लिए चुनी गईं। इसमें राजकीय महाविद्यालय सफीदों के प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में महाविद्यालय के 26 विद्यार्थियों ने भाग लिया। महाविद्यालय के पीजीडीसीए का छात्र अतुल सिंह दूसरे स्थान पर रहा। जिसे एक लेजर प्रिंटर के साथ-साथ 2.72 लाख की स्कॉलरशिप प्राप्त हुई। इसके साथ ही महाविद्यालय की पीजीडीसीए की छात्रा मंजू ने छठा स्थान प्राप्त किया।

### युवा मंडल कंडेला ने चलाया सफाई अभियान

**जींद।** युवा मंडल कंडेला द्वारा सफाई अभियान के अंतर्गत गांव के पार्कों की सफाई की गई। युवा मंडल कंडेला के प्रधान सोनू कंडेला ने कहा कि गांव के सभी नागरिकों को अपने आसपास के स्थानों की सफाई का ध्यान रखना चाहिए। जिससे गांव की सुंदरता बरकरार रहे। इस मौके पर युवा मंडल कंडेला के संयोजक हरदीप कंडेला, उपप्रधान अजय कंडेला, महासचिव अमित कंडेला, कोषाध्यक्ष हैप्पी रेढू, परमजीत, अमन, विकास, केतन, राहुल, कृष सिंगरोह, संदीप, साहिल, कबीर, शीला रेढू आदि मौजूद रहे।



जींद। पार्क की सफाई करते युवा मंडल सदस्य। फोटो :हरिभूमि



प्रशिक्षण के समापन पर बैंक अधिकारियों के साथ मौजूद प्रशिक्षणार्थी।

### छात्राओं ने लिया ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण

**जींद।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जींद में 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में 34 प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यअतिथि अग्रणी जिला प्रबंधक अनुपम मरांडी ने शिरकत की। इस मौके पर मरांडी ने महिलाओं के जीवन में सुंदरता का क्या महत्व है और आप अपना ब्यूटी पार्लर का काम शुरू करते हैं तो अपना कार्य शुरू करने से पहले आपको किन-किन बातों का ध्यान रखना है व किस प्रकार अपने कार्य को धीरे-धीरे बढ़ाना है के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण के बाद महिलाएं अपना ब्यूटी पार्लर का काम शुरू कर सकती हैं। इस प्रकार महिलाएं अपना कार्य शुरू करके अपनी और अपने परिवार की जीवनशैली में सुधार करेंगी।

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रधानाचार्य अनिल कुमार की अध्यक्षता में शिक्षुता व प्लेसमेंट कैंपस का आयोजन किया गया। इस कैंपस में डैमसो आईएमटी मानेसर कंपनी ने भाग लिया और छात्रों के चयन के लिए सिलेक्शन टैस्ट व इंटरव्यूह की प्रक्रिया की गई। जिसमें विभिन्न ट्रेडों के 48 छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया। कंपनी ने अपनी प्रक्रिया के आधार पर 15 छात्रों को अप्रेंटिस व पांच छात्रों को प्लेसमेंट हेतु चयन किया। जिन उम्मीदवारों का सिलेक्शन कंपनी ने इंटरव्यू के दौरान किया है, उनको परफॉर्मेंस के बेस पर वेतन वृद्धि भी दी जाएगी। प्रधानाचार्य अनिल ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी और अच्छे भविष्य की कामना की। सभी छात्रों में उत्साह देखा ओर कैंपस के सफल समापन के बाद कंपनी की भर्ती सेल ने प्रधानाचार्य अनिल गोयल और प्लेसमेंट शाखा से अशोक, नरेंद्र दुल्ल, सोनू राम, राजेश कुंडू, ललित खटकड़ का केंपस प्लेसमेंट करवाने पर तहे दिल से धन्यवाद किया।



जींद। कैंपस प्लेसमेंट के लिए रजिस्ट्रेशन करवाते। फोटो :हरिभूमि



जुलाना। अनाजमंडी में फैलाकर सुखाया जा रहा गेहूं। फोटो :हरिभूमि

### अबतक पहुंची 24531 क्विंटल गेहूं की फसल

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की अनाज मंडी में गेहूं की आवक तेजी से हो रही है। अबतक मंडी में 24531 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है लेकिन अभी तक खरीद का काम शुरू नही हो पाया है। खरीद एजेंसियों के अनुसार आज शाम तक लेबर टेंडर और ट्रांसपोर्ट टेंडर हो जाएगा और मंडी में बारदाना पहुंच जाएगा। वीरवार से मंडी में नियमित रूप से खरीद का काम किया जाएगा। हालांकि गेहूं में नमी ज्यादा होने के कारण भी खरीद एजेंसियां खरीद करने से कतरा रही हैं। इसके अलावा मंडी में ऐसे ही आवक होती रही तो मंडी में जाम लगने की भी पूरी संभावना है। मंडी में खरीद के लिए दो एजेंसियां लगाई गई हैं लेकिन किसी ने भी अभी तक दोनों में से किसी ने भी खरीद शुरू नही की है। जुलाना मार्केट कमेटी सचिव कोमिला ने बताया कि मंडी में किसान अपनी गेहूं की फसल को सुखा कर लाएं।



जींद। मांगों को लेकर नारेबाजी करते बिजली निगम कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### बिजली कर्मियों की नारेबाजी

**जींद।** ऑल हरियाणा पॉवर कॉपोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर बिजली निगम कर्मियों का धरना बुधवार को भी जारी रहा। धरने कि अध्यक्षता यूनिट प्रधान यूनिट राकेश ईक्कस तथा संचालन यूनिट सचिव संदीप गिल ने किया। धरने को संबोधित करते हुए सर्कल सचिव धर्मबीर ने कहा कि अधीक्षक अभियंता जींद के रवैये के खिलाफ लगातार छठे दिन धरना जारी रखा। सर्कल कमेटी के साथ जो नकारात्मक रवैया अपनाया, उससे सगंठन की गरिमा को ठेस पहुंची है। अधीक्षक अभियंता जींद कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने की बजाए बल्कि प्रताड़ित करने पर जोर दिए हुए हैं। इसलिए यूनियन सर्कल सचिव जींद को जो पत्र लिखे हैं, उनकी यूनियन कड़े शब्दों में निंदा करती है और अधीक्षक अभियंता के सरकार द्वारा बनाई गई ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी की लगातार धज्जिया उड़ाई जा रही हैं तो संगठन बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी।

# कानूनी साक्षरता कैंप का आयोजन

■ ब्लूटूथ तथा वाईफाई इंटरफेस का उपयोग न होने पर उसे रखे बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीजेएम मोनिका की अध्यक्षता में गांव बीबीपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में साइबर क्राइम विषय पर कानूनी साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को जागरूक करते बताया कि जैसे-जैसे हमारा समाज विकसित हो रहा है, वैसे-वैसे आपराधिक प्रवृत्तियां भी बढ़ रही हैं। आधुनिक युग में साइबर अपराध के विभिन्न रूप देखने को मिल रहे हैं, जहां कुछ आपराधिक मानसिकता वाले लोग समाज के लोगों को निशाना बनाते हैं। ऑनलाइन शॉपिंग धोखाधड़ी, लॉटरी एवं निवेश घोटाले, बैंकिंग और यूपीआई धोखाधड़ी, फिशिंग नकली ईमेल संदेश, सोशल मीडिया धोखाधड़ी, वैवाहिक घोटाले आदि के माध्यम से लोगों को ठगा जा रहा है। उन्होंने साइबर अपराध से बचने के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अनजान व्यक्ति से प्राप्त ईमेल या संलग्नक का जवाब नही देना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारा वाईफाई अत्यंत सुरक्षित हो। पासवर्ड को समय-समय पर बदलते रहना चाहिए और बच्चों द्वारा उपयोग की जा रही सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर नजर रखनी चाहिए।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते सीजेएम मोनिका। फोटो :हरिभूमि



जींद। नारा लेखन प्रतियोगिता विजेता को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय की एनसीसी विंग द्वारा युवा शक्ति विकसित भारत विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने की। प्रतियोगिता का संचालन एनसीसी प्रभारी अंजू व एनसीसी कमेटी सदस्या डा. क्यूटी ने किया। इस प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्राओं मानसी, नंदिनी एवं बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा मुस्कान ने भाग लिया। बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा नंदिनी इस प्रतियोगिता में प्रथम रही। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बड़े ही प्रेरक एवं उत्साहवर्धक नारे लिखे। निर्णायक मंडल की भूमिका गृहविज्ञान विभाग की प्राध्यापिका तनु ने निभाई। महाविद्यालय प्राचार्या ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की एवं भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए सभी छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

## राजनीति

### बोले : अपने गिरेबान में झांककर बताएं सत्ता में रहते उन्होंने हिसार लोकसभा के लिए क्या काम किया

उन्होंने हिसार एयरपोर्ट को एरोड्रम बताते जनता को गुमराह करने का असफल प्रयास किया

# कांग्रेस सांसद जेपी सुर्खियों में रहने के लिए कर रहे अनाप-शनाप बयानबाजी : कर्मवीर

■ कांग्रेस के लोकसभा सांसद जयप्रकाश उर्फ जेपी पर बड़ा राजनीतिक हमला बोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं हरियाणा कॉन्फेड के चेयरमैन कर्मवीर सैनी ने बुधवार को हिसार से कांग्रेस के लोकसभा सांसद जयप्रकाश उर्फ जेपी पर बड़ा राजनीतिक हमला बोला है। कांग्रेस के सत्ता में आने का सपना चकनाचूर होने के बाद सांसद जेपी अब मात्र मीडिया की सुर्खियों में रहने के लिए अनाप.शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। क्योंकि उनमें आज भी टेक्निकल जानकारी का अभाव है। इसका ताजा प्रमाण हिसार एयरपोर्ट को लेकर दिया गया उनका बयान है। जिसमें उन्होंने हिसार एयरपोर्ट को एरोड्रम बताते हुए जनता को गुमराह करने का असफल प्रयास किया। भाजपा नेता कर्मवीर सैनी ने कांग्रेस सांसद जेपी को सलाह देते हुए कहा कि उन्हें गूगल पर सर्च करके अपनी जानकारी को दुरूस्त कर लेना चाहिए। जिससे उन्हें यह पता चल जाएगा कि एरोड्रम और एयरपोर्ट का मतलब एक ही होता है। सर्च करने पर गुगल उन्हें यह स्पष्ट कर देगा कि एरोड्रमए एयरफील्ड और एयरस्ट्रिप शब्द भी हवाई अड्डों को संदर्भित करते हैं। कर्मवीर सैनी ने कहा कि कांग्रेस सांसद जेपी वर्षों से हिसार लोकसभा की राजनीति कर रहे हैं। भाजपा सरकार पर आरोप लगाने से पहले अपने गिरेबान में झांककर यह बताना चाहिए कि अपने सत्ता काल के दौरान उन्होंने हिसार लोकसभा क्षेत्र के लिए क्या.क्या बड़ी विकास परियोजनाएं शुरू करवाई। कान्फेड चेयरमैन कर्मवीर सैनी यही नहीं रूके। उन्होंने कहा कि जेपी का इतिहास बताता है कि उनको जिसने भी राजनीति में ऊंचा उठाया, उन्होंने उसी की पीठ में छुरा घोंपने का काम किया।

जेपी स्वर्गीय चौधरी देवीलाल और स्वर्गीय चौधरी बंसीलाल सरीखे नेताओं की सियासी छांव में लोकसभा और विधानसभा में पहुंचे। जेपी ने चौधरी देवीलाल और चौधरी बंसीलाल को तो धोखा दिया ही था लेकिन आज जिस कांग्रेस पार्टी की टिकट पर जेपी सांसद बने हुए हैं।

### करोड़ों लोग मुख्यमंत्री की मुस्कान और हंसी के कायल



चेयरमैन कर्मवीर सैनी ने कहा कि कांग्रेस सांसद जेपी ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री नायब सैनी की मुस्कान को लेकर जो सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दिखाई है वह उनकी नकारात्मक सोच को ही प्रमाणित करती है। क्योंकि आज देश व प्रदेश में करोड़ों लोग मुख्यमंत्री की मुस्कान और हंसी के कायल हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हर रोज प्रदेश में विकास के नये आयाम स्थापित कर रहे हैं। बहुत कम समय में मुख्यमंत्री नायब सैनी प्रदेश के सबसे लोकप्रिय नेता बन गये हैं। भाजपा सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए नित जनकल्याण के फैसले ले रही है। जिनके फलस्वरूप प्रदेश की जनता पूरी तरह से खुशहाल है।



जींद। सीएमओ को पुष्प गुच्छ भेंट करते एनएचएम कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### सीएमओ से मिले एनएचएम कर्मचारी

**जींद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम कर्मचारी प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को वरिष्ठ कर्मचारी नेता गौरव सहगल की अध्यक्षता में सीएमओ डा. सुमन कोहली से मुलाकात की। एनएचएम कर्मचारी नेताओं ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु सीएमओ को अपने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और नई सीएमओ के मार्गदर्शन में मिलकर काम करेंगे। सीएमओ डा. सुमन कहोली ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा और इस दिशा में उनका पूर्ण सहयोग रहेगा। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में कर्मचारियों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। इस मौके पर डिप्टी सीएमओ डा. पाले राम कटारिया भी मौजूद रहे। एनएचएम कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल में शीतल, कुलदीप, सुनील, अश्वनी, जितेंद्र कुमार, सुमन, प्रीति, सलिंद्र, पूजा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी की आलोचना

**कैथल** ।मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी जिला कमेटी कैथल ने प्रेस को बयान जारी करते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने फिर से रसोई गैस सिलेंडर पर 50 रुपए और पैट्रोल- डीजल पर 2 रुपए अधिभार लगाकर लोगों के ऊपर महंगाई का और बोझ बढ़ा दिया है। जिला सचिव कामरेड सतपाल आनंद ने रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी करने की कड़ी आलोचना की व बढ़ाए गए दामों को तुरंत वापस लेने की मांग की। याद दिलाते हुए कहा कि विधान सभा चुनाव प्रचार के दौरान स्वयं प्रधान मंत्री मोदी ने लोगों को 500 रुपए में रसोई गैस का सिलेंडर देने का वादा किया था। परन्तु अब मोदी सरकार ने इसके उलट फैसला लिया है। डबल इंजन की सरकार में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत के उत्पादों बारे अपनाई जा रही टैरिफ नीति से देश की जनता पर बार- बार महंगाई बढ़ाने की हिमाकत जरूर कर रही है।

### रसोई गैस के दामों में बढ़ोतरी सरासर गलत

**पूंडरी**। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूंडरी हलके के नेता रामचंद्र गुर्जर ढांड ने रसोई गैस के दामों में बढ़ोतरी किए जाने की निंदा की। उन्होंने कहा कि आम आदमी पहले ही महंगाई की मार से कहरा रहा है। सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। दाल-रोटी खाओ, प्रभु के गुण गाओ वाली कहावत अब पुराने जमाने की बात हो गई है। दाल के रेट भी कई गुणा बढ़ चुके हैं। प्याज समेत अन्य सब्जियों के दामों में वृद्धि से हर वर्ग के लोगों को दिक्कत होगी।

### सभी अपने नौनिहालों को प्ले स्कूल में भेजें

**कलायत**। कलायत के राजकीय माडल संस्कृति प्राथमिक स्कूल परिसर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित प्ले स्कूल के रेडीनेस मेले में इसकी झलक देखने को मिली। इसमें वार्ड मुख्य अतिथि के तौर पर वार्ड 1 पार्षद रेणू धानियां, वार्ड 3 उषा रानी, वार्ड 4 निशा राणा और वार्ड 14 से पार्षद पूनम धीमान ने शिरकत की। इन पार्षदों ने प्ले स्कूल शिक्षक नीलम धानियां, जिला संयोजक नवीन कुमार, सुपरवाइजर मंजू रानी, सुमन रानी, स्कूल शिक्षक, आंगनबाड़ी वर्कर-हेल्पर, महिला एवं बच्चों की मौजूदगी में फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की।

### प्रतिभा प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया

**कैथल**। एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल में आज स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर एक्सप्रेशन 2025 दृ ए स्टेज फॉर ऑल एक भव्य और बहुआयामी प्रतिभा प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा पहली से बारहवीं तक के 450 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष वंदन के साथ हुआ। इस पावन अवसर पर विद्यालय के निर्देशक डॉ. विनोद कुमार, प्रबंधक गौरव गर्ग, चेयरपर्सन निधि एवं प्रधानाचार्य डॉ. संत कौशिक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### डीएवी स्कूल में हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ

**पूंडरी**। डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी में संसार का सर्वोत्तम कर्म हवन आचार्य रवींद्र शास्त्री के ब्रह्मत्व में किया गया। इस यज्ञ में मुख्य यजमान स्कूल की प्राचार्या साधना बख्शी ने हवन में आहुतियां अर्पित कर मंगल कामना की। हवन में कक्षा चौथी से बारहवीं तक के सभी छात्र-छात्राएं और उनके अध्यापकगण उपस्थित रहे। यज्ञोपरांत संगीत अध्यापक स्वदेश ने मधुर भजन प्रस्तुत किया। प्राचार्या साधना बख्शी ने अपने उद्बोधन में सर्व प्रथम ईश्वर का धन्यवाद करते हुए सभी छात्र-छात्राओं व उनके शिक्षकों को नव-सत्र की शुभकामनाएं दी तथा फूलों द्वारा कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों व नए विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया और कहा कि अगर जीवन में सफल होना है तो हमें अपने अंदर से अवगुणों को हटाकर सद्गुणों को धारण करना पड़ेगा। जो इसका पालन करता है वह साधारण व्यक्ति से महान व्यक्ति बन सकता है। शांतिपाठ एवं प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

---

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हरियाणा दौरे को लेकर विकास एवं पंचायत मंत्री ने ली बैठक, दिए निर्देश

# पुलिस सुरक्षा व यातायात संबंधी तैयारियों को गंभीरता से लें, जाम से निपटने के लिए जरूरी व्यवस्था अपनाएं

- कार्यकर्ताओं की लगाई ड्यूटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार का स्वागत करती डीसी प्रीति ।

हरियाणा के विकास एवं पंचायत व खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बुधवार को लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल के हरियाणा दौरे को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में पहुंचने वाले लोगों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 14 अप्रैल को यमुनानगर में 800 मेगावाट बिजली परियोजना का शिलान्यास करने के लिए आ रहे हैं। आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में विकास के मार्ग पर तेजी से बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी हरियाणा में आते हैं, बड़ी सौगात देकर जाते हैं। इस बार भी संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर जयंती पर आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री प्रदेश को करोड़ों रुपये के विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसमें पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में लोग भाग लेंगे। कैथल से इस कार्यक्रम में जो लोग भाग लेंगे, उनके कार्यक्रम में पहुंचने के संबंध में किसी तरह की परेशानी नहीं आनी चाहिए। पुलिस अधिकारी सुरक्षा व यातायात संबंधी तैयारियों को गंभीरता से करें। जाम आदि की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्था होनी चाहिए। बैठक में विधायक पूंडरी सतपाल जांबा, डीसी प्रीति, एसपी राजेश कालिया सहित जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा जिला भाजपा अध्यक्ष ज्योति सैनी, भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर व अन्य मौजूद थे। भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में लगाई ड्यूटियां-इससे पहले पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर के साथ भाजपा कार्यालय में जिले की कोर गुरप की बैठक लेने पहुंचें। बैठक की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष ज्योति सैनी ने की। मंत्री कृष्ण पंवार ने जिले में भाजपा के बनाए गए मंडलों के अनुसार वरिष्ठ नेताओं को 14 अप्रैल को यमुनानगर में आयोजित होने वाले डा. भीमराव आंबेडकर जयंती समारोह को लेकर ड्यूटियां सौंपी और कहा कि कैथल जिले की इस रैली में अधिक से अधिक कार्यकर्ता व आमजन भाग लें। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी प्रदेश को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने मंत्री कृष्ण लाल पंवार को जिले में प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी दी और कहा कि पूरे जिले के कार्यकर्ता वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में पूरी मेहनत से जुटे हुए हैं। इस कार्यक्रम में जिले से हजारों की संख्या में लोग भाग लेंगे। बैठक में विधायक सतपाल जांबा, पूर्व विधायक लीला राम, पूर्व विधायक कुलवंत , पूर्व चेयरमैन राजपाल तंवर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राव सुरेंद्र सिंह, सुभाष हजवाना मौजूद थे।

## हरियाणा को दो बड़ी सौगात देने चौदह को हिसार और यमुनानगर पहुंचेंगे प्रधानमंत्री मोदी : नवीन जिंदल

- जिला कार्यालय में सक्रिय कार्यकर्ता महासम्मेलन में पहुंचकर सांसद नवीन जिंदल ने दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेते सासंद नवीन जिंदल व अन्य।

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इसी कड़ी में 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी हिसार और यमुनानगर में प्रदेश को दो नए प्रोजेक्ट की सौगात देने पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री नायब सैनी के प्रयास से यमुनानगर में दीन बंधु चौधरी छोटू राम थर्मल पावर प्लांट की तीसरी यूनिट का शिलान्यास पीएम द्वारा किया जाएगा। 800 मेगावाट क्षमता की अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल प्लांट के निर्माण से बिजली उत्पादन के क्षेत्र में हरियाणा की भूमि पर नया इतिहास लिखा जाएगा। इसके साथ साथ पीएम मोदी हिसार में नवनिर्मित महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट का उद्घाटन भी करेंगे। सांसद नवीन जिंदल बुधवार को भाजपा के जिला कार्यालय में सक्रिय कार्यकर्ता महासम्मेलन के दौरान उपस्थित लोगों को प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम का निमंत्रण देने के दौरान संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपनी-अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए मिशन मोड में काम करते हैं। पत्रकारों द्वारा वक्फ बोर्ड कानून को लेकर पूछे गए सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि वक्फ बोर्ड के अधीन आने वाली अधिकतर जमीनें इस हालत में थी कि उनका किसी को भी लाभ नहीं मिल रहा था। इस कानून के आने से इन जमीनों को जनहित के कार्यों में प्रयोग किया।

## राजौंद में गेहूं खरीद का कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



कैथल। अनाज मंडी में पहले दिन गेहूं की खरीद करते।

राजौंद अनाज मंडी में गेहूं की खरीद का कार्य हुआ शुरू,पहले दिन हरियाणा वेयरहाउस द्वारा खरीद की गई। राजौंद अनाज मंडी में बुधवार को गेहूं की खरीद का कार्य संचारू रुप में शुरू है गया। पहले दिन खरीद एजेंसी हरियाणा वेयर हाउस द्वारा सरकारी रेट पर गेहूं की खरीद की गई। हरियाणा वेयरहाउस के निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि सरकारी मापदंडों के अनुसार 12 प्रतिशत मांउचर व 2425 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से गेहूं की खरीद की गई है। उन्होने कहा कि किसान गेहूं की फसल को सुखाकर लाएं ताकि उन्हें खरीद को लेकर कोई परेशानी न उठानी पड़े।मार्केट कमेटी के सचिव ओम प्रकाश ने बताया कि गेहूं खरीद का कार्य बुधवार को शुरू हो चुका है। यहां हरियाणा वेयर हाउस खरीद एजेंसी द्वारा खरीद की जाएगी। इसके अलावा किठाना, सेरधा,जखौली में भी गेहूं खरीद का कार्य शुरू हो चुका है। किसानों से अपील की है कि वह गेहूं की फसल को साफ व सुखा कर लाएं ताकि गेहूं की खरीद को लेकर किसानों को कोई इंतजार न करना पड़े।

## धन्ना भगत जयंती समारोह को लेकर बैठक

- गांव पालवां में दाड़न खाप चबूतरे पर उत्साह के साथ मनाई जाएगी जयंती

### समारोह में पहुंचने का दिया आमजन को निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला जयंती समारोह का न्योता देते।

राज्य सभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि 20 अप्रैल को भगत शिरोमणि धन्ना की जयंती जींद जिला के उचाना इलाके के गांव पालवां में दाड़न खाप के चबूतरे पर उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पहुंचेंगे। पिछले साल की तरह इस बार भी सरकारी स्तर पर राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में अधिक से अधिक संख्या में जिलावासी भाग लें।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला इस समारोह के लिए निमंत्रण देने पहुंचें थे। इस उपलक्ष्य में जाट भवन में आयोजित बैठक में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि जब हरियाणा में भाजपा की सरकार बनी थी तब ही हरियाणा सरकार ने यह एक बड़ा ऐतिहासिक निर्णय लिया था कि समाज को एक अच्छी दिशा देने वाले सभी महापुरुषों, गुरुओं, संतों की जयंति हर वर्ष हरियाणा सरकार द्वारा राज्य स्तर पर मनाई जाएगी। उसी कड़ी में भगत शिरोमणि धन्ना जी की जयंती आगामी 20 अप्रैल को जींद जिला के उचाना के गांव पालवां में श्रद्धा, उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई जाएगी। पिछली बार कैथल जिले में भगत शिरोमणि धन्ना जी की जयंती समारोह में देश के उप राष्ट्रपति और हरियाणा के मुख्यमंत्री ने भगत शिरोमणि धन्ना जी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए थे। इस बार के समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे।

## सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए अभियान जारी

- राजकीय माध्यमिक विद्यालय थेह नेवल में नामांकन अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। दाखिला अभियान चलाते अध्यापक

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने हेतु अभियान आठवें दिन भी जारी रखा। आज राजकीय वमावि खरकड़ा, राजकीय वमावि भुना व खरौदी, रा प्रावि खरौदी व राजकीय माध्यमिक विद्यालय थेह नेवल में नामांकन अभियान चलाया गया। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा, जिला सचिव अमरनाथ किठानिया, जिला कैशियर शीशपाल, संगठन सचिव सुरेश द्रविड़,ऑडिटर करमचंद केसर,वरिष्ठ उपप्रधान विद्यावती, सावित्री देवी, ब्लॉक प्रधान कृष्ण आर्य, सतपाल पांचाल,संदीप जलंधरा, सतीश कुमार, विजय क्योड़क, मस्त राम शास्त्री व महावीर ने खानपुर की ग्रामीण पंचायत द्वारा गांव के सभी बच्चों को सरकारी स्कूल में दाखिल करवाने के फैसले का संगठन की तरफ से स्वागत किया।

## डॉ सुनील गर्ग कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य बने



कैथल। डॉ सुनील गर्ग को प्राचार्य के रूप में कार्यभार संभालते।

**कैथल**। उच्चतर शिक्षा विभाग, पंचकूला द्वारा श्री कपिल मुनि राजकीय महिला कालेज में अंग्रेजी के प्राध्यापक डॉ सुनील गर्ग को प्राचार्य के रूप में कार्यभार सौंपा । सबसे पहले डॉ गर्ग ने शिक्षा विभाग का धन्यवाद किया। महाविद्यालय के टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। डॉ गर्ग ने कार्यों को सुचारू रूप से चलने के लिए प्रतिबद्धता जताई कहा कि पूर्व प्राचार्य राजेश ने कालेज को आगे बढ़ाने के जो कार्य किए उन्हें ओर गति देने के लिए निरंतर प्रयास किये जाएँगे । अवसर पर पूरा कालेज परिवार मौजूद रहा।

## पूंडरी मंडी में गेहूं की आवक प्रारंभ नमी से खरीद नहीं कर रहीं एजेंसियां

हरिभूमि न्यूज. पूंडरी



कैथल। पूंडरी अनाज मंडी में गेहूं उतारते हुए किसान।

पूंडरी अनाज मंडी में गेहूं की आवक बीते दो दिनों से तेज हो गई है। पूंडरी की दोनों मंडियों में अब तक करीब 20 हजार क्विंटल गेहूं पहुंच चुका है। सरकार द्वारा 1 अप्रैल से गेहूं खरीद की घोषणा के बावजूद अभी तक किसी भी सरकारी एजेंसी ने खरीद शुरू नहीं की है। खरीद एजेंसियों का कहना है कि मंडी में जो गेहूं आ रहा है, उसमें नमी की मात्रा अधिक है, जो सरकार द्वारा तय मापदंडों पर खरा नहीं उतरता। बताया जा रहा है कि एजेंसियां 12 अप्रैल के बाद ही खरीद शुरू करने के मूड में हैं। किसानों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। खेतों में कटाई के बाद अब उन्हें मंडी में गेहूं की रखवाली करनी पड़ रही है।

## छात्रा तनिष्का ने पांचवां स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। अव्वल रही छात्रा को सम्मानित करते प्राचार्य डा. सत्यवीर मैहला।

आरकेएसडी महाविद्यालय के बीसीए फाइनल ईयर की छात्रा तनिष्का ने पाइट समालखा द्वारा आयोजित क्वेस्ट 2025 में पांचवा स्थान हासिल कर एक प्रिंटर और 54,400 की छात्रवृत्ति जीत कर कालेज का नाम रोशन किया। यह क्वेस्ट राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता है जिसमें देशभर से 2000 से अधिक चयनित विद्यार्थियों को शामिल किया जिनका चयन महाविद्यालय में जाकर स्वयं पाइट के प्रतिनिधि करते हैं । आरकेएसडी कॉलेज कैथल में भी पाइट के प्रो कुणाल ने आकर 100 से ऊपर विद्यार्थियों को स्क्रीनिंग के तहत चयनित करके सर्टिफिकेट्स दिए थे और इन्हीं विद्यार्थियों में से कॉलेज से लगभग 80 विद्यार्थी पाइट क्वेस्ट 2025 में शामिल हुए। पानीपत पहुंचने पर विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। क्विज की शुरूआत में कंप्यूटर के माध्यम से स्क्रीनिंग टेस्ट लिया गया जिसमें से 160 विद्यार्थियों को शॉर्ट लिस्ट किया गया फिर मंच पर 160 विद्यार्थियों में से 12 विद्यार्थियों को शॉर्टलिस्ट किया उन 12 विद्यार्थियों में से दो दो विद्यार्थियों की 6 टीमे बनाई गई जिसमें महाविद्यालय की छात्रा तनिष्का ने पांचवा स्थान हासिल किया। महाविद्यालय के डॉ मतीश गर्ग , डॉ पूजा गुप्ता, डॉ रचना सरदाना , डॉ सुनील ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर पाइट क्वेस्ट 2025 में उनका सहयोग किया ।

**कार्यक्रम** जिले की 82 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त, राष्ट्रपिता की प्रतिमा देकर किया सम्मानित

# ग्राम पंचायत अपने गांवों को टीबी मुक्त बनाने के लिए लोगों को करें जागरूक: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। डीसी प्रीति पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित करते।

डीसी प्रीति ने जिला में 82 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो चुकी है। इनमें 66 ग्राम पंचायतों को कांस्य तथा 16 ग्राम पंचायतों को सिल्वर श्रेणी के अंतर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इन सभी गांव के सरपंच अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में अपने गांव को आगे भी टीबी मुक्त यूं ही बरकरार रखेंगे और गांव में टीबी को लेकर जागरूकता अभियान चलाते रहें। डीसी प्रीति बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में टीबी मुक्त भारत राष्ट्रीय अभियान के तहत आयोजित टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान कार्यक्रम में संबोधित कर रही थी। डीसी ने कहा कि राज्य क्षय रोग कार्यालय पंचकूला से आई टीम के द्वारा सर्वे के आधार पर 82 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त हेतू चयन किया गया था। डीसी प्रीति ने कहा कि टीबी एक ला-ईलाज बीमारी नहीं है, बल्कि इसका ईलाज संभव है। टीबी मरीज पूरी सावधानी बरतें, ताकि इसका संक्रमण दूसरे व्यक्ति तक न पहुंचे। हुक्का से संक्रमण फैलने की संभावना ज्यादा रहती है। उन्होंने सभी सदस्यों को निक्षय मित्र बनने बारे प्रेरित किया तथा जिला कैथल की सभी ग्राम पंचायतों को राष्ट्रीय कार्यक्रम टीबी मुक्त भारत में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ पूरे हरियाणा में साइक्लोथॉन यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा 22 अप्रैल को जिला में प्रवेश करेगी तथा 23 अप्रैल को जींद जिले की ओर रवाना होगी। सभी ग्राम पंचायतें इस यात्रा में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।



### जगह-जगह लगे कचरे के ढेर से लोग परेशान

**गुहला-चीका**। चीका शहर का एक भी ऐसा वार्ड नहीं है, जहां कचरे के ढेर ना लगे हों। इस सम्बन्ध में शहर के लोगों शिव कुमार, संजय कुमार, चिमन लाल, अमित कुमार, मुनी लाल, सोमनाथ, प्रकाशो देवी, कैलाशो देवी, व आदि ने बताया कि नगरपालिका द्वारा शहर में सफाई ना करने को लेकर जगह-जगह लगे गंदगी के ढेरों से आमजन का जीना दुश्वार हो गया है और उक्त गंदगी के ढेरों से आने वाली बदबू के चलते किसी भी समय भयंकर बीमारी फैल सकती है परंतु नगरपालिका प्रशासन का आलम यह है कि उन्हें कई बार इस सम्बन्ध में शिकायत की जा चुकी है परंतु प्रशासन द्वारा उक्त गंदगी के ढेरों को साफ करने के लिए जहमत नहीं उठाई जा रही है, जिसके चलते लोगों में भारी रोष व्याप्त है। और लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द लगे कूड़े के घेरे को साफ करवाया जाए।इस सम्बन्ध में जब नगरपालिका के दरोगा ईशम सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कर्मचारियों द्वारा शहर में नियमित रूप से सफाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### मिड डे मील की गुणवत्ता करें सुनिश्चित : एडीसी

**कैथल।** पीएम पोषण योजना के तहत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक अध्यक्षता एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने की और संबंधित अधिकारियों व कमेटी सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी सदस्यों को निर्देश दिए कि वे कम से कम छह सरकारी स्कूलों का निरीक्षण करें और विद्यार्थियों को जो मिड डे मील दिया जा रहा है उसकी गुणवता जांचकरें। इसके साथ यह भी चेक करें कि मिड डे मील में दिए जाने वाले भोजन का मैन्यू चस्पा किया है या नहीं, खाद्य पदार्थो की स्टोरेज तथा रसोई की साफ सफाई आदि की भी जांच करें। वेस्ट पदार्थो को कंपोस्ट खाद के रूप में प्रयोग किया जाए, बर्तन साफ हो, डस्टबीन आदि होने चाहिए। उन्होंने सभी सदस्यों से उनके द्वारा किए गए स्कूल दौरों की रिपोर्ट भी ली।

### पर्यावरण संरक्षण में ही हमारी सुरक्षा संभव

**जींद।** जिला वन मंडल अधिकारी पवन ग्रोवर के मार्गदर्शन में स्कूल जागरूकता कार्यक्रम के तहत गांव मोरखी के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रिंसिपल पुरुषोत्तम दास की अध्यक्षता में पर्यावरण संरक्षण पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के जिला कोऑर्डिनेटर विष्णु बागड़ी ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत कर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया। जिला कोऑर्डिनेटर ने बताया कि गर्मी बढ़ने के कारण, जिलावासियों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और विकास के लिए पहाड़ों से की जा रही छेड़छाड़ इसके प्रमुख कारण के रूप में सामने आ रही हैं। प्रदेश के पर्यावरण प्रेमी बढ़ती गर्मी को लेकर चिंतित हैं। इससे ग्लोबल वार्मिंग एक गंभीर खतरा है। अगर इसे नहीं रोका गया तो सूरज की हानिकारक किरणों के कारण कई समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

### 256 मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद : डीसी प्रीति

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि जिला में विभिन्न एजैंसियों द्वारा गत दिवस तक कुल 256 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद गई है। यह खरीद खाद्य एंव आपूर्ति विभाग द्वारा की गई है। उन्होंने बताया कि कैथल पुरानी मंडी में 16 मीट्रिक टन, कैथल नई मंडी में 181 मीट्रिक टन तथा कैथल अतिरिक्त अनाज मंडी में 59 मीट्रिक टन गेहूं खरीद की गई। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि मंडी में अपनी फसल को पूरी तरह से सुखाकर लाएं, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो।

### प्लाटों पर कब्जे को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

**कैथल।** शहर के ढांड रोड पर रूद्रा इन्कलेव कॉलोनी में प्लाटों पर कब्जा करने को लेकर बुधवार को दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों ने ही मिलकर यह कॉलोनी काटी थी। बाद में कालोनी के रेट बढ़े तो उनमें विवाद भी बढ़ गया। बताया जा रहा है कि इस कॉलोनी के सभी प्लाट लोगों को बेचे जा चुके हैं और आधे से ज्यादा प्लाटों की रजिस्ट्री भी हो चुकी है। कालोनी में 50 प्रतिशत लोगों ने अपने मकान भी बना लिया हैं तो कुछ ने प्लाटों पर चारदीवारी भी निकाली हुई है। खाली प्लाटों पर बुधवार को रोहतक से आए कालू ने नींव भरनी शुरू कर दी। दूसरे पक्ष कृष्ण वर्मा व सोनू वर्मा ने कहा कि यह कालोनी उन्होंने कालू राम के साथ मिलकर ही काटी थी। पहले कम रेट थे तो वह कुछ नहीं बोला, हमने सभी प्लाट बेच दिए और जो कालू राम का हिसाब बनता था, वह बैठकर निपटा दिया था।

## नागरिक अस्पताल के मुख्य गेट के बाहर से स्ट्रेचर व व्हीलचेयर गायब

# गंभीर मरीजों को नहीं मिल रहे स्ट्रेचर पेंट व सामान ढोते मिले कर्मी, हंगामा

*पुरानी बिल्डिंग के बाहर ढूढ़ने से भी नहीं मिलते स्ट्रेचर और व्हीलचेयर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





जींद। स्ट्रेचर पर पेंट का सामान ढोते हुए।

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल अपनी कारगुजारियों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहता है। अस्पताल में प्रतिदिन 1800 के लगभग ओपीडी होती है लेकिन अस्पताल के बाहर इमरजेंसी के गेट के पास मरीजों के लिए स्ट्रेचर या व्हीलचेयर ढूंढने से भी नही मिल पाती है। यह स्ट्रेचर और व्हीलचेयर तभी मिलते हैं जब किसी वीआईपी को आना होता है या फिर किसी हैल्थ टीम का दौरा होता है। स्ट्रेचर तथा व्हीलचेयर मुख्य गेट के निकट रखने के स्वास्थ्य विभाग ने आदेश जारी किए हुए हैं लेकिन मरीजों की जगह इन स्ट्रेचरों पर पेंट के डिब्बे व अन्य सामान ढोने का काम हो रहा है। व्हीलचेयर का प्रयोग अस्पताल कर्मी झाड़ु, पौछा या फिर दवाओं को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए करते हैं। सरकारी अस्पताल में मरीज व्हीचेयर को ढूंढते हुए नजर आते हैं लेकिन कहीं भी व्हीलचेयर नही मिलती है। अधिकारियों ने पत्र जारी कर व्हीलचेयर व स्ट्रेचर का प्रयोग मरीजों के लिए ही किया जाए।

### पुरानी बिल्डिंग के गेट के बाहर मिलते थे

अस्पताल पुरानी बिल्डिंग के मुख्य गेट पर स्ट्रेचर व व्हीलचेयर रखी जानी चाहिए। यहीं इमरजेंसी भी है। मरीज जरूरत के हिसाब से व्हीलचेयर व स्ट्रेचर ले जाते हैं। पहले व्हीलचेयर व स्ट्रेचर ले जाते हैं उनके नाम, मोबाइल नंबर दर्ज किए जाते थे ताकि व्हीलचेयर व स्ट्रेचर न मिलने पर जानकारी ली जा सके। अब यह व्यवस्था खत्म हुई और मरीज अपनी मर्जी से व्हीलचेयर व स्ट्रेचर ले जाते हैं और जहां-तहां खड़ा कर देते हैं। जरूरतमंदव्हीलचेयर व स्ट्रेचर के लिए भटकते रहते हैं। बुधवार को जब स्ट्रेचर पर पेंट व अन्य सामान को ढोते देख लोगों ने ऐतराज जताया। परिजन ने बताया कि वह गंभीर मरीज को लेकर अस्पताल आए लेकिन स्ट्रेचर नही मिला और न ही कहीं व्हीलचेयर दिखी।

### संज्ञान में मामला, होगी कार्रवाई

नागरिक अस्पताल की सीएमओ डॉ. सुमन कोहली ने कहा कि पत्रकारों द्वारा मामला उनके संज्ञान में आया है। अगर कोई भी कर्मचारी इसमें लापरवाह मिलता है तो उसके खिलाफ सख्त कारवाई कि जाएगी। जल्द ही सामान ढोने के लिए कार्टस उपलब्ध करवाए जाएंगे।



जींद। नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकालते राजकीय महाविद्यालय अलेवा के विद्यार्थी।

## अलेवा कॉलेज में नशे के खिलाफ किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

राजकीय महाविद्यालय अलेवा में एनएसएस यूनिट और एंटी ड्रग सेल के संयुक्त तत्वावधान में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए एक व्यापक अभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. मनोज कुमार और एंटी ड्रग सेल कोआर्डिनेटर डा. मधु के नेतृत्व में प्राचार्या वीना बहल के दिशा-निर्देशों के तहत संपन्न हुआ। इस अभियान में एनएसएस स्वयं सेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। डा. मधु ने बताया कि अभियान की शुरुआत बकेट चैलेंज से हुई।

जिसमें विद्यार्थियों ने नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया। उसके बाद महाविद्यालय परिसर से अलेवा गांव तक एक जागरूकता रैली निकाली गई। जो आसपास के क्षेत्रों तक पहुंची। रैली में शामिल स्वयं सेवकों और विद्यार्थियों ने नशा मुक्त जीवन, नायब जीवन और नशा मुक्त समाज, हमारा लक्ष्य जैसे नारे लगाकर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। डा. मनोज कुमार ने कहा यह अभियान युवाओं में जागरूकता और सकारात्मक बदलाव का एक प्रयास है। कॉलेज प्राचार्या ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि महाविद्यालय सामाजिक उत्थान के लिए ऐसे आयोजन भविष्यस में भी करता रहेगा।

# सबका साथ-सबका विकास सरकार का मूलमंत्र

## जनता के लिए बनी है भाजपा सरकारः योगेंद्र राणा

- वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता मनीराम शर्मा के आवास पर पहुंचे विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



जींद। असंध के विधायक योगेन्द्र राणा का स्वागत करते हुए।

राजौंद में असंध से भाजपा के विधायक योगेन्द्र राणा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मनीराम शर्मा के आवास पर पहुंचे। जहां नगर के गणमान्य लोगों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ-साथ का विकास लेकर आगे बढ़ रही है। विधायक ने कहा कि वह लगातार लोगों के बीच जाकर लोगों की समस्या सुनकर उनके समाधान हेतु कार्य कर रहे हैं।किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहां की मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में लगातार चाहुमुखी विकास को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के लिए बनी है,ऐसे में अधिकारी जनता के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। उन्होंने कहा की मंडियों में गेहूं खरीद को लेकर भी सरकार पूरी तरह गंभीर है। गेहूं और सरसों की फसल बड़ी मात्रा में मंडियों में आ रही है। ऐसे में फसल खरीद का कार्य संचारु रुप से चलाने के लिए अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। किसानों को कोई परेशानी नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि गेहूं सीजन के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर वह निरंतर मंडियों का दौरा करते रहेंगे। इस दौरान मनीराम शर्मा, मास्टर शंकर स्वरूप, सतपाल शर्मा, दीपा पंडित,देवेंद्र कुमार,मनमोहन शर्मा, निरंजन कौशल, प्रदीप कुमार मनोज कुमार, प्रवीण शर्मा,अमित कुमार इत्यादि मौजूद रहे।

# गिब्ली स्टाइल फोटो के चक्कर में न पड़ें, प्राइवेसी को बड़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



- ट्रेनिंग के लिए एआई कंपनी कर सकती हैं प्रयोग

एसपी राजेश कालिया ने कहा कि हाल ही में सोशल मीडिया पर एक नया ट्रेंड छाया हुआ है गिब्ली स्टाइल इमेज । लोग अपनी पर्सनल फोटो को चैटजीपीटी और अन्य प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर, गिब्ली एनीमेशन जैसी इमेज बना रहे हैं। एसपी ने कहा कि यह ट्रेंड सेलिब्रिटी से लेकर आम लोगों तक, सभी में लोकप्रिय है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह ट्रेंड आपकी प्राइवेसी के लिए खतरा बन सकता है। एसपी ने बताया कि साइबर एक्सपर्ट का मानना है कि ओपन एआई जैसी कंपनियां, इन फोटो का उपयोग एआई ट्रेनिंग के लिए कर सकती हैं। बिना आपकी सहमति के ये फोटोज डेटा ब्रोकर के जरिए साइबर फ्रॉड करने वाले अपराधियों के हाथों में पहुँच सकती हैं, साइबर अपराधी फोटोज का गलत इस्तेमाल कर आपको ब्लैकमेल कर सकते हैं एसपी ने कहा कि जैसे जैसे टेक्नोलॉजी अपना रूप बदल रही है वैसे-वैसे साइबर ठग ठगी के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। आप सावधानी रखकर एआई स्कैम से बच सकते हैं। कुछ समय पहले तक जालसाज लिंक भेजकर, फर्जी वेबसाइट बनाकर ऑनलाइन जालसाजी करते थे, लेकिन अब फ्रॉड के लिए एआई तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से साइबर अपराधी लोगों की आवाज को भी कॉपी कर साइबर फ्रॉड को अंजाम दे रहे हैं, फोटो से आपका नकली वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर सकते हैं।

# वेदांता स्कूल के छात्रों का मैथमेटिक्स ओलंपियाड में रहा शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना




जींद। बच्चों को सम्मानित करते हुए।

वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के प्रतिभाशाली छात्रों नें ७ इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में शानदार सफलता प्राप्त करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। छात्रों ने अपनी गणितीय समझ निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास के बल पर 23 गोल्ड मेडल्स ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त किए। इस अभूतपूर्व उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल चेयरमैन रवि श्योकंद निदेशक इंजीनियर प्रदीप नैन तथा प्राचार्या वीना डारा ने विजयी छात्रों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। चेयरमैन ने कहा की यह उपलब्धि स्कूल ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

# स्कूल में ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ता।

पीएम श्री रावमावि नरवाना में बुधवार को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिसमें कक्षा छठी से बारहवीं तक के छात्रों ने भाग लिया। ईएचसी भीम सिंह ने छात्रों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है, ताकि आने वाली युवा पीढ़ी को हादसों से बचाया जा सके। साथ में उन्होंने बताया कि सड़क पर चलते समय किन-किन नियमों का पालन करना आवश्यक है। उन्होंने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहननेए रेड लाइट पर रुकनेए ज़ेब्रा क्रॉसिंग का प्रयोग करने और वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव दिए। भीम सिंह ने उदाहरणों के माध्यम से छात्रों को समझाया कि कैसे नियमों की अनदेखी दुर्घटनाओं का कारण बनती है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के अंत में भीम सिंह ने सभी छात्रों व स्टाफ को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। स्कूल प्रशासन ने ट्रैफिक पुलिस का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। इस मौके पर पुलिसकर्मी महेंद्र सिंहए विद्यालय स्टाफ सदस्य प्रिंसिपल राजेंद्र आजादए श्रवण कुमारए मक्खन सिंहए जसवीर उझानाए जगदीशए सुदेशए सुमनलता अन्य अध्यापक गण मौजूद रहे।

# जिले में फसल अवशेष जलाने पर लगेगी रोक, टीमें गठित

- अवशेषों में आग न लगाएं किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर ग्राम, खंड व जिला स्तर पर टीमों का गठन किया गया है। सभी टीमें अपने निर्धारित क्षेत्र में निरंतर पैनी नजर रखें। सभी संबंधित अधिकारी व कर्मचारी फिल्ड में रहे और अलर्ट मोड पर कार्य करते हुए पराली जलाने की घटनाओं पर पूरी तरह से रोक लगाएं और आमजन को फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में जागरूक करें।

डीसी प्रीति ने एडीसी दीपक बाबू लाल करवा को जिला स्तरीय टीम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। राजस्व अधिकारी, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, डीएसपी हैडक्वाटर, कृषि उपनिदेशक, आरओ /कार्यकारी अभियंता हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रक बोर्ड शामिल हैं। खंड स्तरीय टीम में तहसीलदार/ नायब तहसीलदार, बीडीपीओ, संबंधित एसएचओ, कृषि विभाग के अधिकारी आदि शामिल हैं। ग्राम स्तर पर एडीओ, एएलएस, बीटीएम, एटीएम, कृषि सुपरवाईजर, पटवारी, ग्राम सचिव, सरपंच व नंबरदार आदि शामिल है। इससे पर्यावरण प्रदूषित नहीं होगा और साथ ही मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर बढ़ेगी। पराली जलाने से रोकने में पंचायत विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग और अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें।

### एचकेआरएन कर्मचारी प्रदर्शन में भाग लेंगेः शिवचरण

**कैथल।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की बलोक कमेटी कैथल ने नगर परिषद कैथल मे कार्यरत एच के आर एन के कर्मचारिओ की मीटिंग ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान की अध्यक्षता मे नगर परिषद कैथल मे की मीटिंग का संचालन ब्लॉक सचिव विक्कीटाँक ने किया मिटिंग मे नगर पालिका कर्मचारी संघ से राज्य मुख्य संगठन कर्ता व एसकेएस के जिला प्रधान शिवचरण जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा ने कर्मचारियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य की भाजपा सरकार लगातार मजदूर-कर्मचारी विरोधी नितियो को बढावा दे रही ह लोक सभा व विधान सभा चुनाव से पहले कर्मचारियो व आम जनता से बड़े-बड़े वादे किये थे लेकिन सता मे आने के बाद अपने वादो से पीछे हट रही ह चुनाव से पुर्व भाजपा सरकार ने एच के आर एन के तहत लगे कर्मचारियो को जोप स्कोलटी का ठोस आश्वासन दिया था लेकिन अब नौकरी से बाहर करने की धमकी दी जा रही ह जिससे कर्मचारिओ व इनके परिवार मे भय का माहोल है।

### श्री सनातन धर्म मंदिर में चौदस पर धार्मिक समागम

**कैथल ।** कोठी गेट स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में 11 अप्रैल को चौदस पर्व पर एक भव्य धार्मिक समागम का आयोजन किया जाएगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी विशेष रूप से कन्या पूजन किया जाएगा, जिसमें शहर की 108 कन्याओं को विधि-विधान से पूजित किया जाएगा। प्रधान रविभूषण गर्ग ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सनातन धर्म की परंपराओं को जीवंत बनाए रखना है।

**आयोजन** स्वास्थ्य निरीक्षक ने लोगों को टीकाकरण के प्रति किया जागरूक

# गंभीर बीमारियों व विकलांगता के बचाव के लिए टीकाकरण जरूरी

*काली खांसी,गला घोंटू, खसरा व टीबी जैसी बीमारियों से होगा बचाव*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा



जींद। दालमवाला आंगनवाड़ी केंद्र में टीकाकरण करती एएनएम मिनाक्षी व अनिल।

स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा व पुष्पावती के नेतृत्व में नगूरां, हसनपुर, मांडी खुर्द, दालमवाला समेत चार गांवों में बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को बीमारियों के टीके लगाए। इस दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक ने लोगों को बचपन में गंभीर बीमारियों व विकलांगता के बचाव के लिए टीकाकरण के प्रति जागरूक किया। स्वास्थ्य निरीक्षक ने दालमवाला गांव के आंगनवाड़ी केंद्र पर गर्भवती महिलाओं व लोगों को 0-5 वर्ष तक के बच्चों को जानलेवा बीमारियों जैसे काली खांसी,गल घोटू, दिमागी बुखार, टेटनेस, पोलियो, दस्त, खसरा, निमोनिया तथा टीबी आदि रोकथाम के लिए टीकाकरण के प्रति पे्ररित किया। टीकाकरण से शिशुओं, बच्चों और गर्भवती महिलाओं में रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। जिससे संक्रामक रोगों की रोकथाम होती है। टीकाकरण से बच्चों को लंबी और स्वस्थ जीवन जीने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि वह गर्भवती महिलाओं को समय पर अपना रजिस्ट्रेशन करवाना चाहिए तथा प्रसव पूर्व चार देखभाल अवश्य करवाएं ताकि जच्चा-बच्चा स्वस्थ रह सके। यही नहीं जिन गर्भवती महिलाओं में खून की कमी है उनको हरी पत्तेदार सब्जियां, गुड,. चना, विटामीन सी युक्त फल जैसे संतरा, अनार, आंवला, मौसमी, साबुत अनाज, अंकुरित दालें, पीले फल, ड्राई फ्रूट तथा फोलिक एसिड, आयरन, कै ल्शियम युक्त गोलियों का सेवन करें ताकि उनका स्वास्थ्य स्वस्थ रह सके। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को समय-समय पर गलघोटू तथा टेटनेस के टीके लगाने के लिए प्रेरित किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

आपकी मधुर स्मृतियां कभी मिट ना पाएंगी।
आपका व्यवहार, कार्य, आपकी बातें सदैव हमें याद आएंगी।।
रस्म पगड़ी एवं भोग



स्व. श्री सुरेश मित्तल जी
आपको बड़े दु:खी हृदय के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिता श्री सुरेश मित्तल जी अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके 30 मार्च 2025 को स्वर्ग सिधार गए हैं, उनकी आत्मिक शांति के लिए प्रार्थना व रस्म पगड़ी क्रिया दिन वीरवार, दिनांक 10 अप्रैल 2025 को दोपहर 11.00 से 2.00 तक क्लब हाऊस, रोयल स्टेट, अम्बाला-चण्डीगढ़ रोड़, जिरकपुर (चंडीगढ़) में संपन्न होगी ।
शोकाकुल परिवार
पुरुषोत्तम मित्तल (भाई)
अशोक मित्तल (भाई)
सोनू मित्तल (पत्नी)
चिराग मित्तल (पुत्र)
अंकुर मित्तल (पुत्र)
भव्या मित्तल (पुत्री)
समस्त मित्तल परिवार
Mobile: 78761-90939, 74041-90939